आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.10.2024 / 18.00बजे प्रादेशिक समाचार /

अग्निहोत्री

राज्य पथ परिवहन निगम आज अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर रहा है। इस उपलक्ष्य पर निगम 12 अक्तूबर को शिमला में स्वर्ण जयंती समारोह के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इसी कड़ी में आज शिमला में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज वॉल ऑफ ऑनर और बस संग्रहालय का शुभारंभ किया जिसमें एच.आर.टी.सी के बेडे में शामिल हुई बसों को दर्शाया गया है। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एच.आर.टी.सी 50 वर्षों से अपनी वचनबद्धता के साथ लोगों को गांव–गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि एच.आर.टी.सी घाटे के रूटों पर भी निरंतर अपनी सेवाएं दे रहा है और निगम को घाटे से उबारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

सीतारामन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि गरीबों और छोटे व्यवसायियों के लिए बैंक से ऋण लेना अब आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जनधन योजना के कारण संभव हो सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने आज ऋण आउटरीच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बैंक की लंबी कागजी कार्यवाही या बिना किसी गिरवी के लोगों के लिए इन योजनाओं की सुविधा का लाभ भी सुनिश्चित किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि ऋण आउटरीच कार्यक्रम सरकार को कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को लाभ पहुंचाने की समीक्षा करने योग्य बनाता है।

नड्डा दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा दो दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा 4 और 5 अक्तूबर को हिमाचल प्रवास पर रहेंगे। उन्होनें बताया कि अपने प्रवास के दौरान जे. पी. नड्डा नवरात्रों के दिनो में धौलरा में मां दूर्गा की पूजा अर्चना में भाग लेंगे। बिन्दल ने बताया कि 4 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित एम्स में विकासात्मक गतिविधियों की

समीक्षा करने के अलावा अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इसी तरह 5 अक्तूबर को केंद्रीय मंत्री भाजपा जिला कार्यालय सिरमौर के नवनिर्मित भवन का उद्‌घाटन करेंगे और जनता को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय देहरा की उद्‌घाटन पट्टिका का अनावरण भी करेंगे।

कार्यक्रम

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की शिमला इकाई द्वारा कंडाघाट तहसील के दाउंटी गांव में पोषण अभियान पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश पंत ने की जबकि काल्हा पंचायत की प्रधान रीता देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों सहित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को पोषण आहार का महत्व समझाया। बाल व महिला विकास के कार्यक्रमों की सोलन जिला समन्वयक रेखा शर्मा ने गर्भवती महिलाओं के सही पोषण पर बल देते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आहवान किया। इस बीच पोषण अभियान के तहत जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला शिमला स्थित बचत भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार के बारे जागरूक किया।

सदस्यता अभियान

भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत आनी और रामपुर मंडल की बैठक आज निरमंड में सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर विस्तरित चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और ये सुचारू व व्यवस्थित रूप से चलने वाली पार्टी है। कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसकी सदस्यता का हर छः वर्षों में नवीनिकरण होता है। इस अवसर पर विधायक लोकिन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य में वित्तीय कुप्रबंधन को बढ़ावा दिया है और पूर्व भाजपा सरकार के समय लोगों को दी गई सुविधाएं वापिस ली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, तेल, डिजल और सीमेंट के दाम बढ़ाकर लोगों पर मंहगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है।

बीएसएनएल

भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल आज अपना 25वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर बीएसएनएल द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ निगम के मुख्य महाप्रबंधक विवेक जायसवाल ने किया। विवेक जायसवाल ने कहा कि बीएसएनएल को भारत सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निगम का फाइवर नेटवर्क सबसे मजबूत व विस्तृत है और आने वाले तीन सालों में बीएसएनएल एक नये व बेहतर रूप में जनता के सामने होगा। उन्होंने कहा कि कॉल ड्रॉप व नेटवर्क जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए निगम लगातार प्रयासरत है। जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में बीएसएनएल के 15 लाख उपभोक्ता हैं और राज्य में इसी साल अप्रैल से अभी तक डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ता दूसरे कनेक्शन छोड़कर बीएसएनएल की तरफ आए हैं।

....